**दूरदर्शन की बहुभाषायी आवाज की परियोजना**

1520. **श्री अमीत जोगी** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दूरदर्शन टेलीविजन प्रसारण के लिए बहु भाषायी आवाज की परियोजना शुरू कर रहा है ताकि हिन्दी अथवा अंग्रेजी न समझ सकने वाले अधिकांश दर्शक इससे लाभान्वित हो सकें;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त परियोजना के कब तक कार्य शुरू किए जाने की संभावना है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री के० पी० सिंह देव)** : (क) जी, नहीं । वर्तमान में, बहुभाषी टेलीविजन ट्रांसमीशन शुरू करने के लिए कोई अनुमोदित योजना नहीं है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

**Resentment against the Hindi Programmes in Metro Channel**

1521. SHRI TIDIVANAM G. VENKATRAMAN :
SHRI MISA R. GANESAN :
SHRI J. S. RAJU :

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether people of Tamil Nadu have raised objection and resentment against maximum Hindi programmes on Metro Channel thus imposing Hindi on the people of Tamil Nadu ; and

(b) whether his Ministry has taken steps to introduce Tamil programme in Hindi speaking areas like Delhi, Bombay, etc ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO) : (a) Some complaints of this nature were received by Doordarshan and this Ministry.

(b) Yes, Sir.

**सौराष्ट्र में उच्च शक्ति वाले टेलीविजन ट्रांसमीटर**

1522. **श्री चिमन भाई हरिभाई शुक्ल** :
**श्री अन्तराय देवशंकर दूबे** :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सौराष्ट्र में आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान कितने उच्च शक्ति वाले टी०वी० ट्रांसमीटर लगाने का प्रस्ताव है;

(ख) प्रत्येक ट्रांसमीटर की क्या क्षमता होगी;

(ग) प्रत्येक ट्रांसमीटर से कितने क्षेत्र को इसकी सुविधा प्राप्त होगी;

(घ) सौराष्ट्र क्षेत्र में इस समय कितने टेलीविजन ट्रांसमीटर कार्यरत हैं;

(ङ) क्या यह सच है कि क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय नेटवर्क के अंतर्गत प्रसारित कार्यक्रम इन केन्द्रों के माध्यम से निकटवर्ती गांवों तक नहीं पहुंच रहा है; और

(च) यदि हां, तो इसके क्या कारण है

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री के० पी० सिंह देव)** : (क) और (ख) : श्रीमान दो उच्च शक्ति टी०वी० ट्रांसमीटर स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है । वर्तमान में, 10 कि०वा० क्षमता का एक उच्च शक्ति ट्रांसमीटर भुज में कार्यान्वयनाधीन है । पलिटना में स्थापित किए जाने के लिए परिकल्पित एक अन्य उच्च शक्ति ट्रांसमीटर हेतु तकनीकी पैरामीटरों/स्थल को अंतिम रूप नहीं दिया गया है ।